हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

(पूर्व नाम–दुर्गविश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुरनाका, दुर्ग

Email: dsw@durguniversity.ac.in Website: www.durguniversity.ac.in Phone 0788-2359100

क्र. 48 / अधि.छा.क. / 2020 दुर्ग, दिनांकः 30/05/2020

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा आयोजित होने वाले ऑनलाईन वेबीनार के नियम।

दिनांक 01 जून से 30 जून 2020 के मध्य विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों द्वारा आयोजित होने वाले वेबीनार से संबंधित अंर्तमहाविद्यालयीन वेबीनार आयोजन स्पर्धा संबंधी नियमः–

1 प्रत्येक महाविद्यालय के वेबीनार के आयोजन संबंधी सूचना विश्वविद्यालय द्वारा ईमेल पर भेजे गये निर्धारित प्रपत्र में देनी होगी।

2 वेबीनार के दौरान संचालक, विषय विशेषज्ञ, रिसोर्सपर्सन, प्रतिभागी कोई भी ऐसा व्याख्यान नहीं देंगे जिसमें किसी जाति, धर्म, सम्प्रदाय, व्यक्ति विशेष अथवा राष्ट्रीयता की भावना को ठेस पहुंचती हो।

3 वेबीनार की गुणवत्ता, आवाज की स्पष्टता, प्रश्नोत्तरी के दौरान प्रतिभागियों की संतुष्टि आदि पर गहनता से विचार करने हेतु माननीया कुलपति, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा निर्णायकों का एक पैनल गठित किया जायेगा जिनका निर्णय सर्वमान्य होगा।

4 सभी निर्णायक विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित स्कोरशीट पर उपरोक्त बिन्दुओं पर अंक प्रदान कर उस स्कोरशीट पर अपनी हस्ताक्षर करेंगे।

5 प्रत्येक वेबीनार के आयोजन संबंधी निर्णय हेतु निर्णायकों को पृथक–पृथक स्कोरशीट तैयार करनी होगी।

6 वेबीनार हेतु यदि किसी महाविद्यालय द्वारा प्रतिभागियों से पंजीयन शुल्क अथवा अन्य किसी प्रकार का शुल्क लिया जायेगा तो उस महाविद्यालय द्वारा आयोजित संबंधित वेबीनार को स्पर्धा में शामिल नहीं किया जायेगा।

7 किसी भी प्रकार के विवाद के स्थिति में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की कुलपति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा

8 विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा संबंधित महाविद्यालय की ऑनलाईन वेबीनार आयोजन समिति को सूचित किये जाने के पश्चात् उन्हें निर्णायक पैनल के सदस्यों को वेबीनार से जुड़ने हेतु आवश्यक लिंक एवं पासवर्ड उपलब्ध कराना होगा।

9 यदि किसी महाविद्यालय द्वारा एक से अधिक वेबीनार आयोजित किये जाते है तो ऐसी परिस्थिति में महाविद्यालय द्वारा आयोजित समस्त वेबीनार के प्राप्तांकों के आधार पर महाविद्यालय का मूल्यांकन प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान हेतु किया जायेगा।

10 उक्त अंर्तमहाविद्यालयीन ऑनलाईन वेबीनार स्पर्धा का आयोजन केवल महाविद्यालय के मध्य रचनात्मक प्रतिस्पर्धा के उद्देश्य से किया जा रहा हैं

30/5/20

डॉ. प्रशान्त श्रीवास्तव
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय,दुर्ग